<u>आकाशवाणी मध्यप्रदेश</u>

<u>प्रादेशिक समाचार</u>

दिनांक:23.09.2096 समय: 07.10PM

मुख्य समाचार

- आयुष्मान भारत योजना के आठ साल पूरे, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- 60 करोड़ लोगों को मिल रही है मुफ्त स्वास्थ्य सुविधा।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में ग्यारहवें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम की शुरुआत ।
- 25 सितंबर को भोपाल में मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा की शुरुआत होगी, पहले चरण में मुख्यमंत्री 351 बसों को हरी झंडी दिखाएंगे।
- 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत 'सेवा मेरा योगदान' अभियान 2 से 10 अक्टूबर तक प्रदेश के सभी जिलों में आयोजित होगा।

<u>आयुष्मान भारत योजना- पीएम मोदी</u>

आयुष्मान भारत योजना के आज आठ साल पूरे हो गए हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस योजना से देश के 60 करोड़ लोगों को 5 लाख रुपए तक की हेल्थ कवरेज मिल रही है, जो इसे दुनिया की सबसे बड़ी हेल्थकेयर स्कीम बनाती है। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल में ग्यारहवें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने आयुष वैलनेस पर्यटन केन्द्र का नया नाम 'आरोग्यम् धाम' जारी किया और स्वास्थ्य व आयुष क्षेत्र से जुड़ी कई जनकल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत भी की। इसी मौके पर खुशीलाल शर्मा आयुर्वेद महाविद्यालय परिसर में बना 'हर्बल गार्डन ऑफ स्टेट इम्पोर्टेंस' आम लोगों के लिए खोल दिया गया है।

मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा

प्रदेश में 25 सितंबर को भोपाल के दशहरा मैदान में 'मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा' की शुरुआत होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पहले चरण में 351 बसों को हरी

झंडी दिखाएंगे। ये बसें इंदौर, भोपाल, जबलपुर, रीवा, देवास, कटनी और भिंड सहित सात शहरों से शुरू होंगी। योजना के तहत प्रदेश में करीब 15 हजार आधुनिक बसें चलाई जाएंगी, जिनसे रोजाना 30 लाख से अधिक यात्रियों को सुविधा मिलेगी। सभी बसों में सीसीटीवी कैमरे, पैनिक बटन और रियल-टाइम लोकेशन ट्रैकिंग सिस्टम लगाए जाएंगे ताकि यात्रियों, खासकर महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

बलराम कृषि महोत्सव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल स्थित मंत्रालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सीधी जिले में आयोजित 'बलराम कृषि महोत्सव' में सहभागिता की। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किसानों से सीधे संवाद किया और कृषि क्षेत्र के विकास पर चर्चा की। इस दौरान खेती में नए नवाचारों, वैज्ञानिक तकनीकों और उन्नत तौर-तरीकों की जानकारी भी साझा की गई। राज्य सरकार द्वारा मनाए जा रहे कृषक कल्याण वर्ष के तहत यह आयोजन प्रदेश के सभी जिलों में किया जा रहा है।

विशेष खबर- सेवा संकल्प अभियान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के पच्चीस वर्ष पूरे हो रहे हैं। जनसेवा से देशसेवा के मंत्र के साथ शुरू हुआ यह सफर आज भी जारी है। इसी क्रम में श्री अन्न योजना ने भी किसानों और आमजन के जीवन में बदलाव लाने का काम किया है। आइए जानते हैं, यह योजना कैसे लोगों के लिए मददगार साबित हो रही है।

धान, ज्वार और बाजरा खरीद

प्रदेश में सरकार ने समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार और बाजरा खरीदने के लिए किसानों का पंजीयन शुरू किया है। अब तक 13 हजार 508 किसान अपना पंजीयन करा चुके हैं। किसान 10 अक्टूबर तक पंजीयन करा सकते हैं। खाद्य मंत्री गोविंद

सिंह राजपूत ने किसानों से समय रहते पंजीयन कराने की अपील की है। इसके लिए प्रदेश में 1100 से ज्यादा केंद्र बनाए गए हैं।

<u>डिप्टी सीएम समीक्षा बैठक</u>

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने आज मंत्रालय में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं के निर्माण कार्यों की प्रगति और लोकार्पण की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्माण कार्यों की धीमी रफ्तार पर नाराजगी जताते हुए सतत और सघन मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। श्री शुक्ल ने कहा कि पूर्व निर्धारित लक्ष्य की तुलना में कम संस्थाएं ही लोकार्पण के लिए तैयार हो पाई हैं, इसलिए विलंब के कारणों की समीक्षा कर जिम्मेदार अधिकारियों और एजेंसियों की जवाबदेही तय की जाए।

<u>भाजपा नया प्रदेश प्रभारी</u>

भारतीय जनता पार्टी ने त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब को मध्यप्रदेश का नया प्रदेश प्रभारी और रेखा वर्मा को सह प्रभारी बनाया है। बिप्लब देब अब तक यह जिम्मेदारी संभाल रहे डॉ. महेंद्र सिंह का स्थान लेंगे। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने आज यह नई सूची जारी की, जो तत्काल प्रभाव से लागू होगी। इसके साथ ही प्रदेश भाजपा ने बृजगोपाल लोया को नया प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है, जो पूर्व मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल का स्थान लेंगे।

<u>सेवा मेरा योगदान</u>

प्रदेश में 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत 'सेवा मेरा योगदान' अभियान 2 से 10 अक्टूबर तक प्रदेश के सभी जिलों में आयोजित होगा। अभियान की शुरुआत दो अक्टूबर को गांधी जयंती पर 'स्वच्छता ही सेवा' और वृक्षारोपण अभियान के साथ होगी। इसके तहत योग एवं ध्यान, साइबर सुरक्षा, सड़क सुरक्षा, नशामुक्ति और 'वोकल फॉर लोकल' जैसी दस गतिविधियां शामिल की गई हैं।

एशियन गेम्स - चानू

भारत को एशियन गेम्स में 28 साल बाद वेटलिफ्टिंग में पदक मिला है। यह पदक मीराबाई चानू ने दिलाया है। मीराबाई महिलाओं की 49 किलोग्राम वर्ग में दूसरे स्थान पर रहीं। उन्होंने कुल 198 किलोग्राम वजन उठाया। इससे पहले 1998 में कर्णम मल्लेश्वरी ने वेटलिफ्टिंग में रजत पदक जीता था। एशियन गेम्स के चौथे दिन दो पदक शॉटगन शूटिंग के स्कीट टीम स्पर्धा में भी आए। पुरुष टीम ने शूट-ऑफ में कजाकिस्तान को हराकर कांस्य पदक जीता। एक पदक सॉफ्ट टेनिस में जय मीणा ने दिलाया।

मौसम का हाल

अब बात मौसम की। प्रदेश के 26 जिलों में पिछले 24 घंटे के दौरान बारिश दर्ज की गई, जिसमें शहडोल के गोहपारू में सबसे ज्यादा दो इंच पानी गिरा। मौसम विभाग के मुताबिक बंगाल की खाड़ी में बने अवदाब के असर से 26 सितंबर तक प्रदेश के कई जिलों में तेज बारिश के आसार हैं। विभाग ने आज के लिए छिंदवाड़ा, सिवनी और बालाघाट में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है, जबकि भोपाल, इंदौर, उज्जैन सहित कई अन्य जिलों में हल्की से तेज बारिश हो सकती है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में:-

- नीमच में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आज समन्वित कृषि विकास कार्यशाला-सह-सेमिनार आयोजित किया गया।
- खंडवा में सेवा संकल्प अभियान 2026 के तहत एनएसएस और रेडक्रास के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता, जागरूकता रैली निकाली गयी।
- शिवपुरी के फतेहपुर स्थित सीडब्ल्यू एसएन छात्रावास में आज विश्व साइन लैंग्वेज डे मनाया गया।
- धार में आगामी त्योहारों के तहत जिला मुख्यालय पर शांति समिति की बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

- सागर में 115वीं वार्षिक साधारण सभा की बैठक आज बैंक कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।
- मुरैना कलेक्टर ने टीएल बैठक में जनविश्वास अभियान और जनसंवाद में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की।
- मंदसौर में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई।
- अनूपपुर में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'विकसित भारत की संकल्पना' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- वडनगर से वाराणासी तक निकाली जा रही जन सेवा संकल्प यात्रा ने आज आगरमालवा जिले के ग्राम बरगड़ी से जिले में प्रवेश किया।
- सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वडनगर से वाराणसी तक निकाली जा रही जन जल सेवा यात्रा की दो यात्राएं 24 एवं 25 सितंबर को बैतूल जिले से होकर गुजरेंगी।
- जबलपुर में अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा सप्ताह के तहत प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान, जबलपुर में 24 सितंबर को एक दिवसीय जागरूकता सेमिनार आयोजित किया जाएगा।
- नर्मदापुरम में मिशन वात्सल्य के तहत नर्मदापुरम स्थित वन स्टॉप सेंटर में अनचाहे नवजात शिशुओं को सुरक्षित आश्रय देने के लिए 'पालना' स्थापित किया गया है।

..............................